

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–09 शुक्रवार, दिनांक–13 फरवरी, 2026 ई०।

माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

---

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:35 बजे अपराह्न तक।

**[1] प्रश्नकाल :–**

i. 05 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
ii. 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या–28 शिक्षा विभाग में स्थानांतरित।
iii. 27 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
iv. 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
v. 01 तारांकित प्रश्न संख्या–185 पर्यटन विभाग में स्थानांतरित।
vi. 01 तारांकित प्रश्न संख्या–911 पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में स्थानांतरित।
vii. 127 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[2] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) (संशोधन) नियमावली, 2025; बिहार सरकारी सेवक की परिवीक्षा अवधि नियमावली, 2024; बिहार सरकारी सेवक की परिवीक्षा अवधि (संशोधन) नियमावली, 2025 एवं बिहार प्रशासनिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्त्तें) नियमावली, 2025 की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

(ii) माननीय मंत्री, ऊर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 के वार्षिक प्रतिवदेनों की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

(iii) माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा बिहार राज्य कर्मचारी सेवा–शर्त्त (रूपांतरित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना) नियमावली, 2025 की हिन्दी एवं अंग्रेजी की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

(iv) माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, श्री मदन सहनी द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 की धारा–23(2) एवं बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियमावली, 2010 के नियम–21(3) के तहत बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग का वर्ष 2024–25 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

**[3] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री कुमार सर्वजीत, श्री अरूण सिंह, श्री अमरेन्द्र कुमार, श्री संदीप सौरभ, श्रीमती सावित्री देवी एवं श्री अजय कुमार द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

परन्तु आसन की अनुमति प्राप्त कर माननीय सदस्य, श्री कुमार सर्वजीत द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को पढ़ा गया।

**[4] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अंतर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री शुभानंद मुकेश | (ii) | श्री विष्णु देव पासवान |
| (iii) | श्री रोमित कुमार | (iv) | श्रीमती संगीता देवी |
| (v) | श्रीमती बिनिता मेहता | (vi) | श्री उदय कुमार सिंह |
| (vii) | श्री कृष्णनंदन पासवान | (viii) | श्री प्रमोद कुमार सिंह |
| (ix) | श्री ललन राम | (x) | श्री विमल राजवंशी |
| (xi) | श्री राकेश रंजन | (xii) | श्री इन्द्रदेव सिंह |
| (xiii) | श्रीमती कविता देवी | (xiv) | श्रीमती निशा सिंह |
| (xv) | प्रो० नागेन्द्र राउत | (xvi) | श्रीमती छोटी कुमारी |
| (xvii) | श्री आनन्द मिश्र | (xviii) | श्री भरत बिन्द |
| (xix) | श्री रोहित पाण्डेय | (xx) | श्री बीरेन्द्र कुमार |
| (xxi) | श्रीमती देवंती यादव | (xxii) | श्री नागेन्द्र चंद्रवंशी |
| (xxiii) | श्रीमती शलिनी मिश्रा | (xxiv) | श्री मंजीत कुमार सिंह |
| (xxv) | श्री मोहम्मद मुर्शिद आलम | (xxvi) | श्री कलाधर प्रसाद मंडल |
| (xxvii) | श्री मुरारी पासवान | (xxviii) | श्री संदीप सौरभ |
| (xxix) | श्रीमती ज्योति देवी | (xxx) | श्री अरूण सिंह |
| (xxxi) | श्री जनक सिंह | (xxxii) | श्री समृद्ध वर्मा |

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत शेष शून्यकाल की सूचनाओं के लिखित उत्तर के लिए इसे संबंधित विभाग को भेज दिया जाय।

**[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री अखतरूल ईमान, श्री संदीप सौरभ एवं अन्य छः सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तथा दिनांक 10.02.2026 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अखतरूल ईमान द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पांडे द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

आसन द्वारा घोषणा की गयी कि आज की शेष ध्यानाकर्षण सूचनाएँ अगली तिथि में सूचीबद्ध रहेंगी।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02:00 बजे अपराह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[6] वित्तीय कार्य :–**

**वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–03 (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग; खान एवं भूतत्व विभाग; नगर विकास एवं आवास विभाग; कला एवं संस्कृति विभाग; खेल विभाग तथा पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग] पर वाद–विवाद एवं मतदान।**

माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार द्वारा अनुदान की मांगों में कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात् राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुदान की मांग पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

i. श्रीमती अनीता
ii. श्री मनोज कुमार
iii. श्री अभिषेक आनंद

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

iv. श्री मनोहर प्रसाद सिंह
v. श्रीमती संगीता देवी
vi. श्री अखतरूल ईमान
vii. श्री संदीप सौरभ
viii. श्री सतीश कुमार सिंह यादव
ix. श्री अजय कुमार
x. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता
xi. श्री आलोक कुमार सिंह
xii. श्री ललन राम
xiii. श्री बैद्यनाथ प्रसाद
xiv. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या–231)
xv. श्री राजेश कुमार मंडल
xvi. श्री विमल राजवंशी
xvii. श्री विशाल प्रशांत
xviii. श्री रूहेल रंजन
xix. श्रीमती देवंती यादव
xx. श्री बबलू कुमार

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

**[7] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 49 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक–16 फरवरी, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–13.02.2026

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।